# जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला बस्तर, छत्तीसगढ़
## (नकटीसेमरा, आड़ावाल जगदलपुर, जिला बस्तर)

फोन नं.– 07782299082, ई.मेल–dplcjdp@gmail.com
वेबसाईड– http://www.Bastar.gov.in

क्रमांक / लाईवलीहुड कॉलेज / 2025–2026 / 36 जगदलपुर, दिनांक 28/05/2025

## Walk In Interview

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, जगदलपुर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित विभिन्न कोर्स में कौशल प्रशिक्षण हेतु अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी कुशल अतिथि प्रशिक्षकों की आवश्यकता है, जिसका वॉक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 12.06.2025 को समय प्रातः 10:00 बजें से जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, नकटी सेमरा, आड़ावाल, जगदलपुर में किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति कोर्स एवं पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी cssda.cg.nic.in में प्रदर्शित कोर्स लिस्ट से एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला बस्तर के वेबसाईट www.bastar.gov.in से प्राप्त कर सकते है। अधोवर्णित पद व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार इच्छुक एवं पात्र आवेदक जो इस पद के लिये निर्धारित अर्हताओ को पूरी करते हो अपने पूर्ण बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, आड़ावाल जगदलपुर जिला बस्तर में वॉक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते है। अतिथि प्रशिक्षकों की निर्धारित योग्यता का विवरण निम्नानुसार है :–

| S.No. | Sector | Course Name | No. of Post | Minimum Educational Qualification of the Trainer | Total Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction | Assistant Mason | 01 UR | B.Tech in Civil/ Mechanical/Electrical | With 1 year of Relevant Experience. |
| | | | | Diploma in civil/ Mechanical/Electrical | With 2 year of Relevant Experience. |
| | | | | ITI in Civil/ Mechanical/Electrical | With 4 year of Relevant Experience. |
| | | | | General BA/Bsc/ Ex-Army/12th in Civil/ Mechanical/Electrical | With 4 year of Relevant Experience. |
| 2 | Plumbing | Jal Vitran Sanchalak | 01 UR | B.Tech in Civil/ Mechanical Engineering | With 2 Years of Relevant Industry Experience and 1 Year of Relevant Teaching Experiance. |
| | | | | Diploma in Civil/ Mechanical Engineering | With 2 Years of Relevant Industry Experience and 1 Year of Relevant Teaching Experience |
| | | | | Graduation (Science) | With 2 Years of Plumbing / Enviromental Engineering/ Water Management. |
| | | | | CITS Certified Trainer (Plumber/Fitter) | |
| 3 | Soft Skill, Spoken English & Communication Skill Trainer | Soft Skill | 01 UR | PG in English Language/MBA/equivalent | 1 Years of Relevant Experince + 1 Year Computer Diploma or Equivalent and Good Knowledge of Sector related Service/process with prior experience. Desired Quality :- Good Communciation Skills |

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र, पूर्ण बायोडाटा एवं आवश्यक समस्त दस्तावेजो के साथ कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर में दिनांक 12.06.2025 दिन – गुरूवार समय प्रातः 10:00 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है।

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला बस्तर, छत्तीसगढ़
(नक्टीसेमरा, आड़ावाल जगदलपुर, जिला बस्तर)
फोन नं.– 07782299082, ई.मेल–dplcjdp@gmail.com
बेबसाईड– http://www.Bastar.gov.in

नियुक्ति संबंधी नियम एवं शर्ते :–

01 इच्छुक उम्मीदवार को अपना पंजीयन एवं दस्तावेज सत्यापन निर्धारित समयांनुसार कराना होगा। पंजीयन एवं सत्यापन हेतु आवेदक को आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता, अनुभव प्रमाण पत्र, आयु आदि के प्रमाण हेतु सभी आवश्यक मूल दस्तावेज व उसकी स्व–प्रमाणित 02 छायाप्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

02. आवेदक अपनी अर्हताऍं, संबंधित अनुभव की जॉच स्वयं कर एवं विज्ञापित पद के लिये निर्धारित अर्हताऍं, अनुभव एवं शर्तो को पूरा करने उपरान्त ही वॉक–इन–इटरव्यू में सम्मिलित होगे। चयन एवं सेवा के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर या असत्य जानकारी आदि दिये जाने पर आवेदन/नियुक्ति निरस्त कर दिया जावेगा। जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

03. साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय के दो घण्टे उपरान्त आवेदन स्वीकार नही किये जावेगे।

04. यदि उम्मीदवार एक से अधिक ट्रेड के लिये सक्षम है, पृथक–पृथक आवेदन करें।

05. अभ्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

06. आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जॉच करायी जावेगी जॉच में किसी भी प्रकार से गलत जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदन को अमान्य किया जावेगा।

07. चयन मेरिट के आधार पर होगा। चयन सूची कार्यालय के सूचना पटल व जिला के वेब पोर्टल www.bastar.gov.in पर प्रदर्शित की जावेगी। आवेदन पत्र में दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नंबर/ई–मेल आई.डी. का उल्लेख करें ताकि संपर्क किया जा सकें।

08. चयनित अभ्यार्थियों को मासिक प्रशिक्षण पारिश्रमिक राशि रू0 22,500/– एकमुश्त प्रशिक्षण अवधि में देय होगा, संबंधित कोर्स में राज्य कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण संचालन हेतु लक्ष्य प्राप्ति की दशा में ही प्रशिक्षण संचालित किये जावेगें, मानदेय राशि केवल प्रशिक्षण अवधि के लिये ही देय होगा, प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने पर मानदेय की पात्रता नही होगी। किन्तु आगामी निरन्तर प्रशिक्षण कार्य संचालित होने पर प्रशिक्षक को मानदेय राशि देय होगी।

09. Soft Skill, Spoken English & Communication Skill Trainer हेतु नियुक्त किये गये प्रशिक्षक का मानदेय भुगतान कलेक्टर दर के आधार पर होगा।

10. उम्मीदवारों का ToT-Domain Certification & Platfrom Certification/CTI/CITS सर्टिफाईड होना अनिवार्य है, (प्रमाण पत्र संलग्न करें)। चयन में ToT –Domain Certification & Platfrom Certification/CTI/CITS अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जावेगी। किसी कोर्स में ToT-Domain Certification & Platfrom Certification/CTI/CITS सर्टिफाईड अभ्यार्थी न मिलने की स्थिति में ही अन्य अभ्यार्थी को साक्षात्कार का अवसर दिया जावेगा।

11. अभ्यार्थी के संबंधित SSC से ToT- Domain Certification & Platfrom Certification सर्टिफाईड नहीं होने की दशा में चयन उपरान्त ज्वानिंग दिनांक से 01 माह के भीतर स्वयं के खर्चे पर संबंधित सेक्टर में ToT सर्टिफिकेशन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा चयनित अभ्यार्थी की नियुक्ति निरस्त समझी जावेगी।

12. उपरोक्त अद्योवर्णित पद के सम्मुख दर्शाये गये अनुभव का होना अनिवार्य है। समकक्ष अनुभव न होने की स्थिति में अभ्यार्थी साक्षात्कार हेतु पात्र नही होगें।

13. चयनित अभ्यार्थी को चयन उपरान्त सूचना मिलने के 07 दिवस के भीतर ज्वानिंग लेना अनिवार्य है। अन्यथा चयन स्वमेव निरस्त माना जावेगा एवं प्रतिक्षा सूची के अभ्यार्थियों को मौका दिया जावेगा।

14. भर्ती में आरक्षण संबंधी कोई नियम लागू नहीं होंगे।

15. प्रशिक्षक का चयन पूर्णतः अस्थायी होगा। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

16. चयन उपरान्त यदि कार्य संतोषजनक नही पाये जाने पर चयन निरस्त किया जा सकता है।

17. उपरोक्त पदों पर भर्ती पूर्णतः अस्थायी है तथा राज्य कार्यालय से प्राप्त प्रशिक्षण लक्ष्य पर निर्भर करता है। उपरोक्त पद के विरूद्ध यदि शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा नियुक्ति की जाती है, तो संबंधित मेहमान प्रशिक्षक की यह नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त हो जावेगी।

18. चयनित अभ्यार्थी को प्रशिक्षण कार्य के अतिरिक्त हितग्राहियों का मोबलाईजेशन, उनका कांउसलिंग एवं प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षणार्थी का 03 माह के भीतर प्लेसमेंट कराने का कार्य करना होगा।

19. संबंधित सेक्टर मे प्रशिक्षण संचालन नहीं होने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

20. चयनित अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर अन्य अवकाश की पात्रता नही होगी।

21. चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराने हेतु 12 माह तक के लिए ही आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित सेक्टर में कोर्स के प्रशिक्षण कार्य निरन्तर चलने व कार्य कुशलता के आधार पर कार्य अवधि बढ़ाई जावेगी।
22. शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी संस्था का अनुभव मान्य होगा।
23. आवेदक का सेक्टरवार पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार का समय – सारणी :–

| क्र. | वॉक इन इंटरव्यू दिनांक | पंजीयन एवं दस्तावेजों सत्यापन का समय | साक्षात्कार का समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 12/06/2025 | प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक | अपरान्ह 01.30 बजे से |

24. चयन के साथ संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, भर्ती प्रक्रिया में होने वाले किसी भी प्रकार की वाद विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर का होगा।

सहायक परियोजना अधिकारी
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला बस्तर, छत्तीसगढ़
(नक्टीसेमरा, आड़ावाल जगदलपुर, जिला बस्तर)
फोन नं.– 07782299082, ई.मेल–dplcjdp@gmail.com
बेबसाईड– http://www.Bastar.gov.in

## //मेहमान प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप//

प्रति,

कलेक्टर सह अध्यक्ष
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
जगदलपुर, जिला बस्तर

विषय :– मेहमान प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

मेहमान प्रशिक्षक हेतु निम्नांकित विवरणों के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत है :–

01. आवेदित पद का नाम – ..................................................
02. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) – ..................................................
(अंग्रेजी में) – ..................................................
03. पिता/पति का नाम – ..................................................
04. जाति – ..................................................
05. स्थायी पता – ..................................................
– ..................................................
– ..................................................
06. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता – ..................................................
– ..................................................
– ..................................................
07. दूरभाष/मोबाईल नम्बर – ..................................................
08. जन्मतिथि (अंको में) – ..................................................
(शब्दों में) – ..................................................
09. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्र. – ..................................................
10. लिंग पुरूष/महिला – ..................................................
11. आधार कार्ड क्रमांक – ..................................................
12. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता –

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | मण्डल/बोर्ड/विश्वविद्यालय/आई.टी.आई. संस्था का नाम | विषय/व्यवसाय | प्रतांक/पूर्णाक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |


E:\2019-20\2022-2023\Livelihoood-DSDAA-25\notsheet letter\livelihood\Trainer Bharti Notsheet\2023-2024\interview vigyapan doc

11. अन्य योग्यता का विवरण – ....................................................................

12. "ToT/CTI" प्रमणीकरण – हॉ/नहीं ...... ..............

(यदि हॉ तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

13. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) – हॉ/नहीं ......................

यदि हॉ तो अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें तथा निम्नानुसार विवरण देवें ।

| विभाग/संस्था का नाम | पदनाम | कार्य अवधि कब से | कार्य अवधि कब तक | कुल कार्य अवधि (वर्ष में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

01 ................................................ 02. ................................................ 03. ................................................

04 ................................................ 05................................................ 06. ................................................

07. ................................................ 08. ................................................ 09 ................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

**घोषणा–पत्र**

मै एतत् द्वारा घोषणा करता/करती हूॅ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य हैं और यदि वे असत्य पाये जाते है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त कर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। आवश्यक कार्यवाही के लिये मैं जिम्मेदार रहूंगा/रहूगी।

स्थान :–
दिनांक :–

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**(पूरा नाम एवं पता)**